रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में नकली इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का भंडाफोड़, दुकानदार हिरासत में

बुढ़ाना। ब्रांडेड कंपनियों के नकली इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक दुकानदार को हिरासत में लिया है। उसकी दुकान से बड़ी मात्रा में नकली हॉलमार्क लगे पंखे और ब्लोअर बरामद किए गए हैं।

कस्बे के पैठ बाजार में **स्पीड नेटवर्क** के फील्ड ऑफिसर सागर भैरवा की शिकायत पर पुलिस ने **पीके इलेक्ट्रॉनिक्स** पर छापा मारा। जांच में दुकान और गोदाम से **बजाज** के हॉलमार्क लगे पंखे और **उषा** के हॉलमार्क लगे रूम हीटर ब्लोअर जब्त किए गए। पुलिस ने बरामद माल और दुकानदार को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मामले में कंपनी के अधिकारी कोतवाली पहुंचकर कॉपीराइट उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया में जुटे हैं। सागर भैरवा के अनुसार, जब्त किए गए सामान की अनुमानित कीमत **तीन से चार लाख रुपये** है।

Source: https://royalbulletin.in/fake-electronic-products-busted-in-custody-in-custody-in-budhana-muzaffarnagar/288854